Statement

Ratail prices of sugar at selected ventres as on 15-12-1989

(Rs. per kg-).

Centre	Variety	Retail Price in (Rs. per kg.)
Hyderabad	M-30	8-00
Rajkot		7-90
Trivandrum	M-30	8-20
Bangalore	S-30	8-20
Mangalore		7-80
Bombay	M-30	8-25
Nagpur	CM-30	810
Ahmednagar	M-30	7-50
Jaipur		8-75
Ajmer		8-50
Sriganganagai	M-30	8-75
Madras	S-30	7-70
Coimbatore	S-30	800
Hapur	M-20	9-70
Lucknow	M-29	9-50
Saharanpur	M-30	8-50
Agartala	S-30	10-25
Pondicherry		7 80
Delhi	M-30	8-80

Mismanagement in the Sports Bodies

148. SHRIMATI BUOY CHAKRAVARTY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whtether Government are aware that mismanagement and official for malities have crippled sports in the country; and

(b) what steps Government envi sage to ease the rivalry among different high level sports bodies in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCINECE AND TECHNOLOGY (PROF. M. G. K. MENON); (a) and (b) It would not be corrct to say that mismanagement and official formalities have crippled sports in the country. There ara increasing instances of good performances by our sportspersons in ifecenl international events,

Government has formulated a set of Guidelines "Sport India: Operation Excellence 1988—90" which aim at intensification and systematisation of efforts for ensuring good of Indian sports persons in major international competitions, and, *inter alia*, introduction of the element of objectivity in the selection of National Coaches and sportspersons, scientific training and coaching, and provision of scientific aids and nutritive diet. The objective of Government has really been to foster coordination and not rivalry between high level Sports bodies in tbe country, so that optimum results could be achieved from the substantial human, material and financial inputs into sport, promotion.

If, however, cases of mismanagement are brought to the notice of Government, appropriate action is taken.

बोफोर्स तोप सौदे में कमीशन

149. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार बोफोर्स तोप सौदे से जुड़े कमीशन से संबंधित ब्यौरों का पता लगाने के लिए क्या कदम उठा रही है ; और

(ख) इस मामले में कुल कितने रुपये के कमीशन का मामला प्रकाश में आया है और उस धनराशि के वसूल करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

प्रधान मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : (क) और (ख) मामले की जांच की जा रही है । अब तक बोफोर्स द्वारा दी गई 319.4 मिलियन स्वीडिश क्रोनर की राशि अदा करने का पता चला है ।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम

150. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए हैं और भविष्य में क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई मसौदा तैयार किया है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) और (ख) शिक्षा विभाग के अनुरोध पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम, 1915 में संशोधन करने के संबंध में सिफारिश करने के लिए फरवरी, 1987 में प्रो० एम०वी० माथुर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया । माथुर कमेटी की रिपोर्ट और इस पर आयोग के दृष्टिकोण जुलाई, 1987 में प्राप्त हुए थे । इनकी जांच की गई और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से इस संबंध में संविधियां बनाने का अनुरोध किया गया । इस प्रयोजन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित समिति ने संविधियों का मसौदा तैयार कर लिया है ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अलग से डा० ए० ज्ञानम कुलपति, मद्रास विश्वविद्यालय, की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है, जो देश में विश्वविद्यालय की नयी मांगों को दृष्टि में रखते हुए विश्वविद्यालय की प्रबंध पद्धति की समीक्षा करेगी। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को ध्यान में रखते हुए ज्ञानम समिति की सिफारिशों पर विचार करने का प्रस्ताव किया जाता है ।

राष्ट्रीय पर्यावरण और वन नीति

151. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार एक राष्ट्रीय-पर्यावरण और वन नीति बनाने का विचार रखती है ; यदि हां, तो कब तक ; और

(ख) क्या सरकार पर्यावरण और वन पर एक श्वेत पत्र जारी करने का विचार रखती है ; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?